दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 03
अंकः-284
मुरादाबाद
03 February 2024
(Satursday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

संक्षिप्त समाचार

बदायूं-पीलीभीत से लखनऊ के लिए सीधी ट्रेन अप्रैल से, रेल ट्रैक को ब्राडगेज में बदलने का काम पूरा

पीलीभीत-मैलानी-लखनऊ रेल मार्ग को ब्राडगेज करने और विद्युतीकरण का काम भी पूरा हो चुका है। फरवरी के अंत तक रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएम) का निरीक्षण और अप्रैल में पीलीभीत-शाहगढ़-मैलानी-लखनऊ रेल रूट पर ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा।पीलीभीत-शाहगढ़ के बीच वन क्षेत्र में आने वाले 20 किमी रेल ट्रैक को ब्राडगेज में परिवर्तित करने का काम पूरा हो गया है। फरवरी के अंत तक रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएम) का निरीक्षण और अप्रैल में पीलीभीत-शाहगढ़-मैलानी-लखनऊ रेल रूट पर ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। इससे कासगंज-बदायूं वाया बरेली-पीलीभीत-लखनऊ के लिए रेल सेवा का रास्ता खुल जाएगा। इसके अलावा पूर्वोत्तर रेलवे को टनकपुर-पीलीभीत-लखनऊ, काठगोदाम-पीलीभीत-लखनऊ-गोरखपुर रेल मार्ग भी मिल जाएंगे। पीलीभीत-मैलानी-लखनऊ रेल मार्ग को ब्राडगेज करने और विद्युतीकरण का काम भी पूरा हो चुका है। शाहगढ़-पीलीभीत के बीच की लाइन पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) से गुजरती है। इस कारण इस रेल खंड में काम देरी से पूरा हो सका।

यूपी बजट सत्रः सीएम योगी की अपील, दलीय सीमाओं से उठकर सकारात्मक चर्चा का हिस्सा बने विपक्ष

यूपी बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल की कार्यवाही को सुचारू और नियमसंगत तरीके से आगे बढ़ाने के लिए सदन के सभी सदस्यों से आह्वान किया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वर्ष 2024 के उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सत्र शुभारंभ के अवसर पर सभी विपक्षी सदस्यों से दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर प्रदेश के विकास के लिए सदन में सकारात्मक चर्चा की अपील की। सत्र शुभारंभ के पूर्व उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में प्रदेश के बारे में जो सकारात्मक माहौल बना है, विरोधी दल भी उसका लाभ लेकर सकारात्मक चर्चा में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर सीएम योगी ने अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भी सभी को बधाई दी। अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का महत्वपूर्ण दस्तावेज-सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सकुशल संपन्न होने की आप सभी को हृदय से बधाई देता हूं और आज से प्रारंभ हो रहे वर्ष 2024 के उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सत्र शुभारंभ अवसर पर सभी माननीय सदस्यों का हृदय से स्वागत करता हूं। सत्र का शुभारंभ माननीय राज्यपाल के अभिभाषण से हुआ। अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। किसी भी वर्ष के शुभारंभ के पहले का सत्र का जो बिजनेस होता है वह विधानमंडल में माननीय राज्यपाल के अभिभाषण से ही शुरू होता है। सकारात्मक चर्चा के लिए जाना जा रहा है विधानमंडल- सीएम योगी ने कहा कि यह बजट सत्र है तो वर्ष 2024-25 का बजट भी इस दौरान उत्तर प्रदेश विधानमंडल में प्रस्तुत होगा और वर्ष भर की आय और व्यय को लेकर सदन में चर्चा होगी। सत्र प्रारंभ होने के पहले दलीय नेताओं के साथ बैठक और उससे पूर्व बिज़नेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक करके जो कार्य योजनाएं तय हुई हैं, उसके अनुसार सरकार ने अपनी पूरी तैयारी भी की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल 25 करोड़ जनता जनार्दन की आशा और आकांक्षाओं और अपेक्षाओं का एक केंद्र है। जनता से जुड़े हर सुख और दुख से जुड़ी हुई घटनाओं का यह साक्षी है। प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल पिछले 5-6 वर्षों के अंदर लोकतंत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में अपनी सकारात्मक चर्चा के लिए जाना जा रहा है। इस अवसर पर अपने विपक्षी मित्रों से भी अपील करूंगा की जो माननीय सदस्यों की भावनाएं हैं उसे दलीय सीमाओं से उठकर के प्रदेश के विकास के लिए विधान सभा या विधान परिषद को हमें एक सकारात्मक चर्चा का केंद्र बनाने की आवश्यकता है और इस दृष्टि से यह सत्र हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण सत्र होगा। विरोधी दल सकारात्मक चर्चा में लें हिस्सा-सीएम योगी ने कहा कि सत्र के दौरान राज्यपाल जी के अभिभाषण पर चर्चा होगी। उसका जवाब भी सरकार की तरफ से दिया जाएगा। बजट पर चर्चा के अवसर पर सदस्यों को महत्वपूर्ण मुद्दों और अनुदान मांगों पर अपनी राय रखने का अवसर प्राप्त होगा। इसके अलावा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े हुए या प्रदेश के विकास से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण बातों को सदन के समक्ष रखने का भी अवसर प्राप्त होगा। पूर्ण विश्वास है कि देश और दुनिया में प्रदेश के बारे में जो सकारात्मक माहौल बना है, विरोधी दल भी उसका लाभ लेकर सकारात्मक चर्चा में अपना योगदान देंगे। हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है सरकार-उन्होंने कहा कि हमने दलीय नेताओं की बैठक में इस बारे में बहुत ही स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार विधानमंडल की कार्रवाई का हिस्सा बनने वाले हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और उससे संबंधित जो तथ्यपरक और सही जानकारी होगी उसको सदन के समक्ष रखने और माननीय सदस्यों को अवगत कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल की कार्रवाई को सुचारू और नियमसंगत तरीके से आगे बढ़ाने के लिए सभी का आह्वान करता हूं। लोकतंत्र के उन मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप सत्र की कार्रवाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में उनके सकारात्मक योगदान की भी अपेक्षा रखता हूं।

वापस जाओ... के नारों और हंगामे के बीच राज्यपाल ने पढ़ा पूरा अभिभाषण, कई जगह रुककर जवाब भी दिया

यूपी विधानमंडल का बजट सत्र शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानमंडल के दोनों सदनों को संबोधित किया और सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। वर्तमान बजट सत्र 12 फरवरी तक चलेगा। पांच फरवरी को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश करेंगे। छोड़ सभी का टिकट काटने जा रही है भाजपा-सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी विधानसभा सत्र के शुरू होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैं आपको एक ब्रेकिंग न्यूज दे रहा हूं। भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में एक सांसद (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) को छोड़कर सबका टिकट काटने जा रही है और उनकी भी सीट बदल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक) ही एनडीए को हराएगा। भाजपा सरकार में युवा बेरोजगारी से त्रस्त है। 10 साल सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा बेरोजगारी कम नहीं कर पाई है। किसानों से किए गए उनके सभी वादे अधूरे हैं। भाजपा ने अपने राज में किसानों को सबसे ज्यादा दुखी किया है।राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा के सदस्य लगातार नारेबाजी और हंगामा करते रहे। सभी विपक्षी सदस्य राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगा रहे थे। इस दौरान भाजपा के सदस्य भी शोरगुल करने लगे। हालांकि, राज्यपाल अपना अभिभाषण पढ़ती रहीं।राज्यपाल बोलीं, रामराज्य स्थापित करने में सफल रही सरकार- राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के अंत में कहा कि प्रदेश सरकार अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए प्रदेश में रामराज्य स्थापित करने में सफल रही है। प्रदेश में दो बार हुई इंवेस्टर्स समिट, जी20, विश्वकप 2023 के आयोजन के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ है जिसने दुनिया के सामने प्रदेश की एक नई छवि रखी है।प्रत्येक जिले में खेलो इंडिया सेंटर की हो रही स्थापना-राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर काम कर रही है। इसके लिए प्रत्येक जिले में खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को अलग-अलग सेवाओं में नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है।सदन में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के विधायक लगातार हंगामा और शोरशराबा करते रहे और राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगा रहे थे। इस पर राज्यपाल ने भी जवाब दिया और कहा कि कौन चला जाएगा... ये बाद में पता चलेगा। मैं तो जाने वाली नहीं...। इसके बाद उन्होंने अपना अभिभाषण पढ़ना जारी रखा। राज्यपाल के जवाब देने से भाजपा सदस्य भी उत्साहित हो गए और एक स्वर में उनका समर्थन किया।उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है। ये बजट सत्र है और बजट सत्र में सभी विधायकों को भाग लेकर उत्तर प्रदेश के विकास के लिए अपना योगदान करना चाहिए। समाजवादी पार्टी अपने डीएनए को कभी भी बदल नहीं पाई... उसका अराजकता और गुंडई फैलाना अभी भी कायम है...।राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में अयोध्या में चल रही विकास योजनाएं गिनाई। उन्होंने कहा कि इन विकास परियोजनाओं से दिव्य व भव्य अयोध्या दुनिया के सामने आ रही है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुर्नस्थापना हुई है। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव ने अयोध्या को नई पहचान दी है और अब प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगर आ रहे हैं। अभिभाषण के दौरान लगातार हो रहे हंगामे से नाराज होकर राज्यपाल ने कुछ देर के लिए अभिभाषण बंद कर दिया और विपक्ष के सदस्यों की तरफ देखकर कहा कि ... और शोर मचाइए...। इसके बाद अभिभाषण पढ़ना जारी रखना। विपक्ष के सदस्य प्रदेश की कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए लगातार सदन में नारेबाजी कर रहे हैं।राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के लिए सरकार ने एक जिला एक उत्पाद योजना की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपराधों के नियंत्रण के लिए मजबूत कानून व्यवस्था, बिजली सप्लाई में निरंतरता पर खास ध्यान दिया है जिससे कि प्रदेश में उद्योगों को बड़ी सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश तेज गति से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। जल्द ही प्रदेश पांच हवाईअड्डों वाला प्रदेश बन जाएगा।राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपने अभिभाषण की शुरुआत की। राज्यपाल के अभिभाषण के प्रारंभ होते ही विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा और शोरगुल शुरू कर दिया। हालांकि, इस दौरान भी राज्यपाल अभिभाषण पढ़ती रहीं। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा देश में रामराज्य के प्रारंभ का प्रतीक है। उन्होंने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर प्रदेश सरकार की पीठ ठोंकी और कहा कि इससे राज्य को बड़ा लाभ हुआ है। सुदृढ़ कानून व्यवस्था और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से निवेशक प्रदेश में आने के लिए लालायित हैं।दोपहर 12.30 बजे राज्यपाल का अभिभाषण पढ़कर सुनाया जाएगा। तीन फरवरी को भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह और सपा विधायक एसपी यादव के निधन पर शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित हो जाएगी।डल का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। अब से कुछ ही देर में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल विधानमंडल में अभिभाषण पेश करेंगी। यह बजट सत्र आज से शुरू होकर 12 फरवरी तक चलेगा। पांच को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश करेंगे।

व्यापारियों ने पेटीएम पर पाबंदियों का किया समर्थन, बोले- ग्राहकों की सुरक्षा सबसे जरूरी

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, इस मामले में व्यापारियों और पेटीएम ग्राहकों को सचेत होकर आरबीआई की पाबंदियों के प्रभाव को समझना जरूरी है। देश में डिजिटल पेमेंट करने वाले उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ऐसी निगरानी आवश्यक है...देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रिजर्व बैंक द्वारा %पेटीएम पेमेंट बैंक% पर लगाई गई पाबंदियों का समर्थन किया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, इस मामले में व्यापारियों और पेटीएम ग्राहकों को सचेत होकर आरबीआई की पाबंदियों के प्रभाव को समझना जरूरी है। देश में डिजिटल पेमेंट करने वाले उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ऐसी निगरानी आवश्यक है। वर्तमान में, फिनटेक सेक्टर में जिस प्रकार से बड़ी कंपनियां, नियमों एवं कानूनों की धता बता रही हैं, उनका उल्लंघन कर रही हैं, ऐसे में केंद्रीय बैंक का यह आदेश बाजार की अखंडता को मजबूत करता है।कैट के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पर लगाई गई पाबंदियां, व्यापारियों एवं ग्राहकों के हित में हैं। रिजर्व बैंक का यह कड़ा निगरानी वाला कदम, देश में सभी के द्वारा नियम और विनियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल देता है। यह एक्शन प्रधानमंत्री मोदी के उस दृष्टिकोण की स्पष्टता को जाहिर करता है, जिसमें कहा गया है कि नियम न मानने वाला चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। प्रवीन खंडेलवाल के अलावा कैट के दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष विपिन आहूजा ने कहा, फिनटेक इकोसिस्टम में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए रिजर्व बैंक एवं सरकार प्रतिबद्ध है। वित्तीय क्षेत्र की अखंडता और स्थिरता को बनाए रखने के लिए ऐसी निगरानी आवश्यक है। खासतौर पर ऐसे लोगों के लिए, जो कानून का पालन न करने के आदी हैं। कैट के पदाधिकारियों के अनुसार, रिजर्व बैंक का यह कदम एक निगरानीय हस्तक्षेप है। उपभोक्ताओं की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई जरूरी थी। डिजिटल वित्तीय प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए आरबीआई के इस निर्णय को एक प्रोएक्टिव कदम के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा परिस्थितियों में केंद्रीय बैंक का यह आदेश, बाजार की अखंडता को मजबूत करता है। पेटीएम पर प्रतिबंध, बड़ी कंपनियों के बीच जवाबदेही की आवश्यकता को हाइलाइट करता है।

कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी मस्जिद में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न, 2 हजार के करीब रहे नमाजी

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ज्ञानवापी मस्जिद में शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज संपन्न हुई। नमाजी ज्ञानवापी से बाहर निकल रहे हैं। ज्ञानवापी में नमाजियों के पुराने रिकॉर्ड टूट गए।आज 2000 के करीब नमाजियों की संख्या रही। नमाज के बाद करीब 45 मिनट तकरीर चली। तकरीर में मुल्क में अमन और भाईचारे का संदेश दिया गया। वहीं, ज्ञानवापी तहखाने पर आए फैसले पर तकरीर में कोई चर्चा नहीं हुई। तकरीर के दौरान देश के लोकतंत्र पर चर्चा हुई। इशारे में कहा कि देश मे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। जुमे की नमाज को लेकर ज्ञानवापी नमाजियों से पूरी तरह फुल हो गई थी। ऐसे में नमाजियों को काशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर चार पर रोका गया। पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों से यह बोलकर रोका गया कि अंदर बहुत ज्यादा लोगों की भीड़ हो गई है। लोगों से कहा गया कि शहर के अन्य मस्जिदों में नमाज अदा करें।ज्ञानवापी में हिंदू पक्ष की ओर से पूजा शुरू होने के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज के कारण भारी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी पहुंच रहे हैं। वहीं अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी के ज्वॉइंट सेक्रेटरी यासीन ने शांति बनाए रखने की अपील की है। आस-पास के क्षेत्रों में पुलिस ड्रोन से निगरानी कर रही है। वहीं ज्ञानवापी में पूजा शुरू होने के बाद अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी द्वारा बनारस बंद का एलान किया गया। बंदी के एलान के बाद नमाज शुरू होने से पहले ही भारी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी पहुंचने लगे।नमाजियों की संख्या को देखते हुए प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। जुमे की नमाज के मद्देनजर प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। नमाज अदा करने जाते वक्त अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी के जॉइंट सेक्रेटरी मोहम्मद यासीन ने शांति बनाए रखने को लेकर अपील की है। उन्होंने कहा कि हमें कोई नाराजगी नहीं है। ज्ञानवापी मस्जिद व आस-पास के क्षेत्रों में भारी पुलिसबल तैनात किए गए हैं। ड्रोन से पूरे क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है।

संपादकीय Editorial

Dynasty of mandate

Let's start from Jharkhand. The election mandate there was given to the JMM alliance, which elected Hemant Soren as the Chief Minister. Now he is accused in many serious scams. Should it be so that if he is arrested, his wife Kalpana Soren should be made the Chief Minister of the state? Should the elected MLAs accept a face who is not even an MLA as their Chief Minister? Since Hemant Soren is the 'high-ranking leader' of JMM, should his order or request be accepted? The mandate was given to the JMM alliance under the leadership of Soren. Can that mandate also be transferred to the wife, son-daughter or any other member of the family? In layman's terms, can a job held by an individual be transferred within the family? Can you say that I am handing over my appointment letter to my family, he will come to work from tomorrow? Your job will be rejected immediately. In fact, these questions are very serious in the context of our Constitution and democracy and question our system itself. It was arranged in the Constitution that the MLAs of the majority party would choose their leader. The Governor will administer the oath of office to that person as Chief Minister. Similarly, in Parliament, MPs choose their Prime Minister. Since Hemant Soren faces serious allegations of scams and the Enforcement Directorate (ED) is investigating him. It is the prerogative of ED or any investigating agency to arrest the Chief Minister or interrogate him, prepare a charge sheet and file it in the court. Meanwhile, when the then Bihar Chief Minister Lalu Yadav was sent to jail in the fodder scam, he got his wife Rabri Devi elected as the Chief Minister by the party MLAs.

Rabri was not even an MLA and was administratively illiterate, yet she remained on the post of Chief Minister for about 8 years. There cannot be a cruel joke on party democracy and the Constitution. It is a long time ago, when Devi Lal was made the Deputy Prime Minister at the Centre, his eldest son Omprakash Chautala was made the Chief Minister of Haryana. There were many 'Mahamas' during that period regarding his election. When Indira Gandhi was assassinated while she was the Prime Minister, then President Giani Zail Singh administered the oath of office to Rajiv Gandhi. He was not even an MP. However, when Lok Sabha elections were held a few months later, Congress under the leadership of Rajiv Gandhi won 414 seats. However, in the context of Hemant Soren, if his wife is made the Chief Minister, it will be another dynasty of the mandate. The question is why no other senior MLA within the party should be elected Chief Minister? The way Hemant Soren remained 'missing' for 41 hours when he was the Chief Minister. The Governor and top bureaucrats and police officers had no clue of him.

The security agencies were left wondering where the Chief Minister had gone? Charter flight from Ranchi to Delhi, Delhi to Kolkata and then returning to Ranchi by road… Why did the Chief Minister need this? Even if he had some personal work, the security convoy should have accompanied the Chief Minister. The question is about the security of the Chief Minister, who is the supreme executive constitutional face of the state. If it is 'missing' it can be assumed that there is a lot of black in the pulses. ED could have arrested him in Delhi itself. ED has recovered Rs 36.34 lakh, BMW SUV car and some documents related to scams from the Chief Minister's Delhi residence. However, this ED will investigate, but we are concerned with the dynastic nature of the mandate, on which we have raised some concerned questions.

Budget 2024-25: Prime Minister Narendra Modi is not afraid of elections in the last interim budget of the second term.

In the last few years, the budgets of some states and previous central governments were full of populist promises, but Union Finance Minister Nirmala Sitharaman has maintained the vision of the Modi government from her first budget till this budget. As it was thought that the last interim budget of Narendra Modi government would be populist just before the Lok Sabha elections, it did not happen. Neither the farmers' honor fund was increased, nor was there any change in the income tax syllabus to please the middle class. There was hope of reducing the prices of petrol and diesel by bringing them under the ambit of Goods and Services Tax (GST), but the government did not say a word on this. Prime Minister Narendra Modi made it clear that he is not afraid of the elections and is working on his development. We are not ready to give up our vision. His government intends that the pace of development in the country should not stop. This is the development budget. In simple language, budget means that how and in which direction will we spend the money that is coming to us? This is the real budget and this is what it should be. In the last few years, the budgets of some states and previous central governments were full of populist promises, but Union Finance Minister Nirmala Sitharaman has maintained the vision of the Modi government from her first budget till this budget. It is clear from the budget that whatever direction Prime Minister Narendra Modi wants to take the country, no matter what happens, no matter what circumstances he has to face, he will not waver. Scheme to provide free electricity - In the interim budget, the Finance Minister also tried to puncture the schemes of some opposition governments to provide free electricity. By installing solar panels on rooftop, one crore families will be able to get up to 300 units of free electricity per month. This scheme was launched by Prime Minister Narendra Modi on January 22, the day of Pran Pratistha in Ram temple in Ayodhya. With this, a family will save Rs 15-18 thousand every year. The government has also laid great emphasis on renewable energy in the budget. The government's tax revenue has increased three times since 2014, but the government intends to spend the increased amount on the development of the country instead of investing it in free schemes. This is a good thing for the country. The Finance Minister clarified that he is committed to bringing the fiscal deficit below 4.5 percent by the financial year 2025-26 and due to this, the fiscal deficit is estimated to be 5.1 percent of the GDP in the financial year 2024-25. This step of the government is in the interest of the country, but for this the government will have to take strict steps. Another good thing is that the corporate tax of indigenous companies has been reduced. Now they will have to pay tax of 22 percent instead of 30 percent. For some new manufacturing companies it will be only 15 percent. This will give impetus to development. One good thing in the interim budget is that the government has decided to withdraw the tax cases and demands pending before the financial year 2009-10. An amount of about Rs 25,000 crore is stuck. The Finance Minister also said that this will provide relief to one crore honest taxpayers from legal troubles. After Amrit Kaal, now the Modi government has talked about the duty period, that is, the government has a clear opinion that all Indians together have to make a developed India by the year 2047. Everyone has to perform their duty. A direction of development is visible in the interim budget. What the Prime Minister is saying about the guarantee of development is reflected. Modi government has made a roadmap for development in the last few years and they are following it. In her budget speech, Finance Minister Nirmala Sitharaman also said that she will present the full budget in July, this shows the confidence of the government. The Finance Minister himself said that while continuing the tradition of interim budget, we have avoided making any populist announcements in the interim budget. However, there is some relief in the budget. The Modi government will present the entire budget after two months with a new mandate in the Lok Sabha elections. Union Finance Minister Smt. Nirmala Sitharaman, while presenting her sixth budget and first interim budget, gave a clear message that the Modi government is not completely sure about coming to power for the third time. He is not only confident but also determined to move forward on the road map he has prepared so far for the country's economy. This interim budget also contains the message that the Indian economy is growing with full strength across the world and will continue to grow like this. Since this was an interim budget, no one expected any kind of populist announcements in it. The Finance Minister himself said that while continuing the tradition of interim budget, we have refrained from making any kind of populist announcements in the interim budget. Have done. However, there is some relief in the budget. Modi government will present the entire budget after two months with a new mandate in the Lok Sabha elections. But that too will be an extension of the interim budget, which will have a road map for the country's economic development with the concept of 'Developed India'. Despite being small, there are hints of the full future budget hidden in this interim budget. Perhaps that is why Prime Minister Narendra Modi said in his response that this is the budget for building the country. However, this does not mean that the major problems of the country like increasing debt, unemployment, poverty, inflation etc. will be solved through this budget. But if we look at it in the context of the crisis in the economies of the rest of the world, then Finance Minister Nirmala Sitharaman has tried her best to present a rosy picture of the country. It is also true that despite various internal and external problems of the country, India's economy is progressing at its own pace. According to experts, there is no such provision in the budget that money will come into the hands of people. But we may see such provisions in the full budget. This budget has also created some records with itself. Firstly, being the second female Finance Minister of the country, she also holds the record of presenting the budget for the sixth consecutive time and giving the shortest speech of 58 minutes in comparison to her previous speeches. When Prime Minister Narendra Modi made Nirmala Sitharaman his Finance Minister after returning to power for the second time in 2019, many questions were floating about her abilities, because in this country the former Prime Minister had been the Finance Minister for some time. Barring the tenure of Mrs. Indira Gandhi, the finance department has been the domain of men. Another tragedy was that only a year after Nirmala Sitharaman became the Finance Minister, the country had to face Covid, due to which the country's economy was greatly disturbed. But now there should be no hesitation in saying that after Covid, she has brought the country's economy back on track to a great extent and this interim budget is also full of confidence. This interim budget is mainly inspired by the spirit of maintaining the pace of economic growth and poor welfare, which mainly focuses on 4 sectors. These are- poor, women, youth and farmers. The government knows that these classes have the most importance in terms of voting in elections and their votes also ensure that the government returns to power. Therefore it is also important from political point of view. The Union Finance Minister claimed that poverty is decreasing in the country due to the economic policies of the Modi government. The government has brought 25 crore people out of poverty. ? 34 lakh crore sent to accounts under Garib Kalyan Yojana. Similarly, the Finance Minister claimed that today about 1 crore women in the country have become Lakhpati Didi, now the target is to make 3 crore Lakhpati Didi. Referring to skill development among the youth, the Finance Minister said that three thousand new IITs have been opened in the country. 54 lakh youth have been trained. Indian youth have achieved success in the Asian Games. Referring to the PM Kisan Yojana implemented in view of the contribution of agriculture sector in the economy and employment, the Finance Minister said that it has provided financial help to 11.8 crore people. With reference to the taxation system, increase in defense budget and other schemes, the Finance Minister said that no change has been made in the direct or indirect tax slabs. Whereas defense expenditure has been increased by 11.1%. The country's defense expenditure will now be 3.4% of GDP. Similarly, the Finance Minister also announced to provide benefits of Ayushman Yojana to Asha sisters, promote oilseeds research and provide 300 units of free electricity every month. As far as tax relief to the middle class is concerned, Finance did not make any changes in the existing income tax slabs nor imposed any new taxes. However, he definitely presented a rosy picture of tax collection in the country. The Finance Minister said that income tax collection in the country has increased three times in 10 years. The increasing fiscal deficit in the budget is a matter of concern. Finance Minister Sitharaman said that the current fiscal deficit is estimated to be 5.1 percent. We will reduce it further further. I have cut the tax rate. In the presented interim budget, there is an expenditure of Rs 44.90 lakh crore and the estimated revenue is Rs 30 lakh crore. Referring to foreign investment, Sitharaman said that FDI has doubled in the country in the last 10 years. In order to provide relief to the companies, the corporate tax has been reduced in the budget.The rate has been reduced to 22 percent. In the budget, with a view to improving the quality of railways, the Finance Minister announced that 40 thousand general rail coaches will be like Vande Bharat, a new scheme will be started under Blue Economy 2.0, the government will promote electric vehicles. Recently, after relations with neighboring country Maldives became tense, Modi government also announced to promote infrastructure development in Lakshadweep located in the Indian maritime border. The Finance Minister said that the government has made a provision of 11.1% more expenditure for the development of infrastructure in the country. He also talked about giving interest free loan of Rs 1 lakh crore for 50 years. Women, children and middle class have also been taken care of in the budget. Finance Minister Nirmala Sitharaman said that the government will focus on cervical cancer vaccination of girls. Similarly, a new housing scheme will be brought for the middle class, under which 2 crore more houses will be built in the next 5 years. 3 crore houses have been built under PM Awas. Overall the interim budget is a trailer of the upcoming full budget. There does not appear to be any panic or haste in this. Finance Minister Sitharaman also said that in the Amritkaal of the country, our government will adopt such policies which will lead to development of all. We will follow the path of reform, perform and transform. The interim budget is also a strong step on this path. Referring to foreign investment, Sitharaman said that FDI has doubled in the country in the last 10 years. In order to provide relief to the companies, the corporate tax has been reduced in the budget.The rate has been reduced to 22 percent. In the budget, with a view to improving the quality of railways, the Finance Minister announced that 40 thousand general rail coaches will be like Vande Bharat, a new scheme will be started under Blue Economy 2.0, the government will promote electric vehicles. Recently, after relations with neighboring country Maldives became tense, Modi government also announced to promote infrastructure development in Lakshadweep located in the Indian maritime border. The Finance Minister said that the government has made a provision of 11.1% more expenditure for the development of infrastructure in the country. He also talked about giving interest free loan of Rs 1 lakh crore for 50 years. Women, children and middle class have also been taken care of in the budget. Finance Minister Nirmala Sitharaman said that the government will focus on cervical cancer vaccination of girls.

गांव चलो अभियान अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला बैठक आयोजित की गई

क्यूँ न लिखूँ सच

अमरोहा- मंडल बछरायूं भाजपा कार्यालय पीली कोठी मोहल्ला बकाबाद में गांव चलो अभियान अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र चौधरी जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ रोहित आर्य मंडल अध्यक्ष भाजपा ने कहा चुनाव के लिऐ कमर कसनी होगी और योजनाओं को घर घर जाकर व चोपाल बैठक के माध्यम से ग्राम वासियों शहर वासीयों व प्रभावशाली व्यक्ति तक पहुंचना भाजपा का लक्ष्य है बूथ अध्यक्ष ग्राम सयोजकों और प्रवासियों को पूर्ण निष्ठा से गांव चलो अभियान को सफल करना है ओर योजनाओ प्रचार करना हे नमो ऐप सरल ऐप के माध्यम से लोगो को मोदी सरकार के किए कार्य से जोड़ना अति आवश्यक है बैठक में उपस्थि मंडल के सभी देवतुल्य कार्यकर्ता जितेंद्र सैनी सुभाष सुरेश अंकुर सुनील डा हुसैन चिरागुद्दीन इरफान मोहित प्रवीन हरिओम संजय गब्बर सिंह और साथ प्रभाशाली व्यक्ति शक्तिकेंद्र सयोजक ,प्रभारी आदि मौजूद रहे

बारिश के बाद साफ हुआ मौसम, धूप निकलने से राहत...गलन बरकरार

तापमान बढ़ा, न्यूनतम तापमान 5 से बढ़कर 7 डिग्री और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस हुआ

मुरादाबाद - बारिश के बाद शुक्रवार को सुबह से ही धूप निकलने से लोगों को राहत मिली। अधिकतम और न्यूनतम बढ़ गया। लोगों ने धूप सेंक कर मौसम का आनंद लिया। बुधवार की रात और गुरुवार को हुई बारिश से अधिकतम और न्यूनतम तापमान लुढ़क गया था। लेकिन शुक्रवार को कड़ी धूप निकलने से लोगों को ठंड और गलन से लोगों को राहत मिली। लोगों ने घर के बाहर और पार्क में बैठ कर समय बिताया।

तेज धूप तापमान बढ़ गया। न्यूनतम तापमान 5 से बढ़कर 7 डिग्री और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आरके सिंह का कहना है कि अब मौसम साफ रहेगा। सुबह और शाम कहीं घना और कहीं मध्यम कोहरा छाया रहेगा।

ज्ञानवापी प्रकरण के बाद जुमा की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट, जामा मस्जिद में फोर्स तैनात

मुरादाबाद - ज्ञानवापी के तहखाने में पूजा-पाठ शुरू होने के बाद पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया है।

शुक्रवार को जामा मस्जिद में नमाज को लेकर पुलिस सतर्क है। शासन से अलर्ट जारी होने के जामा मस्जिद के आस-पास क्षेत्र में अधिक सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस और पीएसी के जवान पैदल मार्च कर रहे हैं। इसके साथ ही आरएएफ की एक अतिरिक्त कंपनी को तैनात किया गया है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि जुमा की नमाज को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इंटरनेट मीडिया में प्रसारित होने वाले संदेशों की निगरानी की जा रही है।

बारिश के बाद गिरा कच्चा मकान, मलबे में दबकर महिला की मौत, रात में हुई घटना का लोगों को सुबह चला पता

मुरादाबाद - चंदौसी की करेली में कच्चा मकान गिरने से महिला की मौत हो गई। वह घर में अकेली रहती थी। बारिश के बाद रात को हुई घटना का लोगों को सुबह पता चला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया था। चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली में बारिश के बाद बृहस्पतिवार की रात कच्चे मकान की छत गिर गई। मलबे में दबकर नथिया देवी (60) की मौत हो गई। सुबह लोगों ने मलबा देखा,तो शव बाहर निकाला। जिला रामपुर के शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव जसतपुर निवासी नथिया देवी का मायका चंदौसी क्षेत्र के गांव करेली है।मायके में उसके कोई भाई नहीं था। काफी समय से नथिया देवी गांव करेली में अपने मायके में अकेली रहती थी। बृहस्पतिवार की रात वह अपने कच्चे मकान में सो रही थी। रात को किसी समय कच्चे मकान की छत व दीवार गिर गई। जिससे कमरे में सो रही महिला मलबे में दब गई। सुबह के समय माघ परिक्रमा कर रहे ग्रामीणों ने मकान का मलबा देखा, तो महिला के बारे में जानकारी ली। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने आनन फानन में मलबा हटाया और महिला को बाहर निकाला। इससे पहले ही महिला की मौत हो चुकी थी। महिला के बेटे को हादसे की सूचना दी गई। थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा है। महिला की मौत से परिवार का माहौल गमगीन है। ग्रामीणों ने बताया कि उसका बेटा हरिओम जसतपुर गांव में अपने परिवार के साथ रहता है। महिला की दो बेटियां उषा और कृष्णा की शादी हो चुकी है। बेटा व उसकी बहु महिला से मिलने आते रहते थे।

बच्चों के विवाद में दरी विक्रेता की पीट-पीटकर हत्या, अचानक पहुंचे हमलावर और परिजनों के सामने मार डाला

मुरादाबाद -संभल के जिजौड़ा में बच्चों के विवाद के बाद दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इससे गुस्साए एक पक्ष ने दूसरे के घर में जाकर हमला कर दिया। इसमें दरी विक्रेता की मौत हो गई। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। संभल जिले के गांव जिजौड़ा डांडा में बच्चों के विवाद के बाद भड़के एक पक्ष ने दरी विक्रेता शाकिर (47) की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। अलीगढ़ की तहसील अतरौली के गांव दादो के मूल निवासी शाकिर की जिजौड़ा डांडा में ससुराल है। बीस साल से इसी गांव में रहते थे। उनके साले अनवार ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम शाकिर के बच्चों का पड़ोस के बच्चों से विवाद हो गया था। कुछ लोगों ने बीच-बचाव करा दिया था। इसके बाद भी दूसरे पक्ष के लोगों ने शाकिर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों के भागने पर शाकिर को निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया गया।रजपुरा थाने की पुलिस ने अनवार की तहरीर पर गांव के ही वारिस, इदरीश, मक्को, इन्ना और शरीफा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एएसपी डॉ. श्रीश्चंद्र ने बताया कि एक आरोपी हिरासत में है। अन्य की तलाश की जा रही है। अकेला कमाने वाला था शाकिर -शाकिर की मौत से बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। चार बेटियों के अलावा दो बेटों की जिम्मेदारी शाकिर के कंधों पर थी। तीसरे और सबसे बड़े बेटे की शादी हो चुकी है। वह भी मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। शाकिर की हत्या से अन्य दो बेटों के सिर पर जिम्मेदारी आ गई है। मृतक के साले अनवार ने बताया कि उनके जीजा करीब 20 वर्ष पहले अलीगढ़ की तहसील अतरौली अंतर्गत गांव दादो से आकर गांव जिजौड़ा में बस गए थे। मेहनत मजदूरी कर मकान भी गांव में बना लिया था। तीन बेटे और चार बेटियों के अलावा परिवार में पत्नी की जिम्मेदारी उठाते थे। कुछ समय पहले बेटे की शादी कर है। वह भी मेहनत मजदूरी करता है। बताया कि पूरे परिवार की जिम्मेदारी शाकिर के कंधों पर थी। बच्चों के मामूली विवाद में शाकिर की पीटकर हत्या कर दी। अब परिवार के सामने आर्थिक संकट मंडराने की स्थिति है। चार बेटियों की शादी की जिम्मेदारी भाइयों के कंधो पर है। घर के बाहर कर दिया हमला-गांव के लोगों ने बताया कि आरोपी पक्ष ने अचानक से आकर हमला किया। जिस समय हमला किया गया तब शाकिर अपने घर के बाहर खड़े हुए थे। इसी दौरान लाठी-डंडों से पीटा गया। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी काफी देर तक पीटते रहे। जब काफी लोग एकत्र हुए तो आरोपी छोड़कर भागे। तब तक काफी देर हो चुकी थी। ग्रामीण भी शाकिर की मौत से गमगीन हैं क्योंकि वह भले व्यक्ति के तौर पर जाने जाते थे।

अभिनेत्री अमीषा पटेल को कोर्ट से बड़ी राहत, मंजूर हुई जमानत

मुरादाबाद - अभिनेत्री अमीषा पटेल अर्जी पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कुमार ने सुनवाई जमानत की मंजूरी दे दी है। अमीषा पर मुरादाबाद में एक पार्टी से 11 लाख रुपए एडवांस लेकर भी डांस न करने और रुपए न लौटने का आरोप है। इस मामले में अभी कुछ दिन पहले ही अमीषा पटेल मुरादाबाद आई थी और अपने प्रथम जमानती प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर कर लौट गई थी। अमीषा ने अपने जमानती प्रार्थना पत्र में कहा था कि उन्हें गिरफ्तारी का भय है, उन्हें जमानत दी जाए। अभिनेत्री के अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा ने बताया कि जिला जज ने सुनवाई के बाद प्रथम जमानत प्रार्थना पत्र पर मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि अब इस मामले में ट्रायल चलेगा, सबूत प्रस्तुतीकरण की कार्रवाई होगी। उसके बाद गवाह एवं बहस का काम शुरू होगा। फिलहाल, अभिनेत्री को जमानत मिलने से बड़ी राहत मिली है।

पुलिसकर्मियों ने ढाबे में खाया खाना, पैसे मांगने पर नशे में मचाया उत्पात, कहा- जेल भेज देंगे तब पता चलेगा

मुरादाबाद -संभल जिले के चंदौसी में पुलिसकर्मियों ने नशे में जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि ढाबे में दोनों ने जमकर खाना खाया। इसके बाद पैक भी करवाया। जब मालिक ने पैसे मांगा तो दोनों हंगामा करने लगे। इस बीच एक युवक ने बीचबचाव करवाया तो उसे जमकर पीट दिया। चंदौसी में बृहस्पतिवार की देर रात खाने के पैसे मांगने पर पुलिसकर्मियों ने ढाबे पर जमकर उत्पात मचाया। विरोध करने पर ढाबा संचालक से गाली गलौज की। बचाव में उतरे एक युवक को बुरी तरह से पीटा। काफी देर तक मौके पर हंगामे की स्थिति बनी रही। चंदौसी में सीओ ऑफिस से चंद कदम दूर स्थित ढाबे पर बृहस्पतिवार की रात दो कांस्टेबल खाना खाने के लिए पहुंचे थे। पहले दोनों ने ढाबे पर बैठकर शराब पी। इसके बाद खाना पैक करवाया। आरोप है कि दोनों कांस्टेबल बिना पैसे दिए ही जाने लगे। ढाबा स्वामी ने उन्हें पैसे के लिए टोका। इस पर दोनों कांस्टेबल आग बबूला गए। गुस्साए कांस्टेबलों ने ढाबा स्वामी से गाली गलौज शुरू कर दी। यहां मौजूद एक युवक ने जब पुलिस कर्मियों को वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने की धमकी दी। इस पर दोनों कांस्टेबल युवक पर टूट पड़े। गिरेबान पकड़कर युवक को जमीन पर पटक दिया। इसके बाद लात घूंसों से युवक को बुरी तरह पीटा। मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को बचाने का प्रयास किया तो उनसे भी गाली गलौज की गई। काफी देर तक मौके पर हंगामे की स्थिति बनी रही। भीड़ होते देख कांस्टेबल मौके से फरार हो गए। ढाबा संचालक ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मी पहले भी कई बार बिना पैसे दिए खाना खाकर चले गए हैं। पैसे मांगने पर जेल भेजने की धमकी देते हैं। पुलिसकर्मी कहां तैनात हैं, इसकी जानकारी नहीं है। ढाबे पर पुलिसकर्मी से विवाद की जानकारी मिली है। मामले को दिखवाते है, जो भी दोषी होगा। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। -डॉ प्रदीप कुमार, सीओ चंदौसी

अब्दुल्ला आजम की जन्मतिथि अदालत ने की निर्धारित, छजलैट बवाल के दौरान थे नाबालिग

मुरादाबाद -सोलह साल पहले दो जनवरी 2008 को छजलैट थाने के सामने वाहन चेकिंग के दौरान रामपुर के पूर्व सपा सांसद एवं पूर्व मंत्री आजम की गाड़ी पुलिस ने रुकवा ली थी। जिसको लेकर सपा नेता और कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए थे। इसमें अब्दुल्ला और आजम समेत कई नेताओं पर केस दर्ज हुआ था। जिला जज डॉ. अजय कुमार की अदालत ने अब्दुल्ला आजम की उम्र निर्धारित कर दी। 16 साल पुराने छजलैट प्रकरण में दोषी ठहराए गए अब्दुल्ला आजम ने खुद को नाबालिग बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में सजा के खिलाफ अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिला जज की अदालत में सुनवाई चली। अदालत ने अब्दुल्ला आजम की जन्मतिथि 1 जनवरी 1993 निर्धारित की है। अदालत ने सबूतों के आधार पर अब्दुल्ला आजम के वाद को खरिज कर दिया।सोलह साल पहले दो जनवरी 2008 को छजलैट थाने के सामने वाहन चेकिंग के दौरान रामपुर के पूर्व सपा सांसद एवं पूर्व मंत्री आजम की गाड़ी पुलिस ने रुकवा ली थी। जिसको लेकर सपा नेता और कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए थे। इस मामले में आजम खान, अब्दुल्ला आजम समेत अन्य नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इस मामले में मुरादाबाद की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने आजम खान और अब्दुल्ला आजम को दोषी करार देते हुए दो-दो साल की सजा सुनाई थी। शेष आरोपियों को मुकदमे से साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया था। अब्दुल्ला आजम ने सुप्रीम कोर्ट में अपील करते हुए कहा था कि वह घटना के वक्त नाबालिग थे। जिन्हें अवर न्यायालय को सजा देने का अधिकार नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने जनपद न्यायाधीश मुरादाबाद को आदेशित किया गया कि वह अब्दुल्ला आजम की उम्र का निर्धारण कर रिपोर्ट भेजें। जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन गुप्ता एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव अग्रवाल और मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि जनपद न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार ने दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनी। दोनों पक्षों ने अदालत में दस्तावेज भेज पेश किए। अदालत ने दोनों पक्षों की ओर से दाखिल किए गए सबूतों के आधार पर अब्दुल्ला आजम की जन्म जन्मतिथि 1 जनवरी 1993 की निर्धारित की है। 2 जनवरी 2008 को अब्दुल्ला आजम की उम्र 15 साल एक दिन थी। अदालत ने अब्दुल्ला को नाबालिग घोषित किया है। अदालत ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में भेज दी है। मजिस्ट्रेट कोर्ट में नहीं किया था नाबालिग होने का दावा-नितिन गुप्ता ने बताया कि छजलैट प्रकरण में एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम और आजम खां को 13 फरारी 2023 को दो-दो साल की सजा सुनाई थी।

रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट, फायरिंग में एक जख्मी, मारपीट में तीन चोटिल

मुरादाबाद - पटवाई थाना क्षेत्र के मथुरापुर कला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। इस बीच फायरिंग में एक युवक को छर्रे लग गए। इससे वह घायल हो गया। तीन घायल हुए हैं। घायल पक्ष के पवन कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि सुबह के समय गांव निवासी सोनू, बबलू, राजेंद्र सिंह, मुकेश लाठी डंडे व तमंचा लेकर उसके घर पहुंच गए।आरोप है कि उन्होंने गाली गलौज करने लगे हमला कर दिया। फायरिंग में वह घायल हो गया। मौके पर रमेश, जियालाल, प्रमोद और आरती को लाठी डंडों से घायल कर दिया। सभी घायलों का रामपुर जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पटवाई थाना प्रभारी अजय शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। घायलों को रामपुर इलाज के लिए भेज दिया गया है। डॉक्टर की रिपोर्ट से पता चलेगा कि घायल के गोली लगी है या किसी और चीज से चोटिल हुआ है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

महा विकास अघाड़ी की बैठक में शामिल हुए प्रकाश आंबेडकर, आम चुनाव के लिए सीट शेयरिंग पर मंथन

महा विकास अघाड़ी(एमवीए) की बैठक में वंचित बहुजन अघाड़ी(वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने भी शिरकत की। इस दौरान तमाम सहयोगी दलों में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारों पर मंथन किया गया। वंचित बहुजन अघाड़ी(वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सक्रिय हो गए हैं। शुक्रवार को विपक्षी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर हुई बैठक में प्रकाश आम्बेडकर शामिल हुए। उद्धव गुट की शिवसेना के नेता संजय राउत ने महा विकास अघाड़ी(एमवीए) की बैठक की तस्वीरों को साझा किया। गौरतलब है कि बैठक में कांग्रेस और राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार मौजूद रहें।महा विकास अघाड़ी(एमवीए) नेताओं के मुताबिक, तमाम सहयोगी दलों ने सीट बटंवारे पर चर्चा की। साथ ही सीट शेयरिंग को लेकर अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। हालांकि अभी 10

से 12 सीटों पर मंथन होना बाकी है। बता दें महाराष्ट्र में 48 लोकसभा सीटें हैं। उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा लोकसभा सीट वाला राज्य महाराष्ट्र ही है।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए संजय राउत ने लिखा, वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में शामिल होने से भारत के संविधान की रक्षा की लड़ाई मजबूत हो गई है। खास बात है कि 2019 के आम चुनावों में भाजपा ने 23 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की थी, उसके बाद अविभाजित शिवसेना ने 18 सीटों को हासिल किया था। 2019 में के लोकसभा चुनाव में एनसीपी को चार सींटे मिली थी, वहीं एक-एक सीट कांग्रेस, एआईएमआईएम और एक निर्दलीय उम्मीदवार को मिली थी। बता दें 30 जनवरी को एमवीए ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) को अपने में शामिल करने की घोषणा की थी।

एक साथ चुनाव पर कोविंद समिति कब देगी रिपोर्ट ? डेडलाइन पर सरकार ने संसद में दिया जवाब

देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावनाओं पर मंथन कर रही समिति की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। कानून मंत्रालय ने संसद में एक सवाल के जवाब में कहा कि इस समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कोई डेडलाइन नहीं दी गई है।देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावनाओं पर विचार कर रही सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामानाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति गठित की है। समिति एक साथ चुनाव कराने से जुड़े तमाम पहलुओं पर विचार कर रही है। ताजा घटनाक्रम में कानून मंत्रालय ने संसद में एक सवाल के जवाब में अहम जानकारी दी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संसद के बजट सत्र के तीसरे दिन एक लिखित जवाब में लोकसभा को बताया कि कोविंद समिति को कोई डेडलाइन नहीं दी गई है। राजनीतिक दलों की तरफ से 35 प्रतिक्रियाएं मिलीं; कोई डेडलाइन तय नहीं- मेघवाल ने बताया कि कोविंद समिति को देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावनाओं पर राजनीतिक दलों की तरफ से 35 प्रतिक्रियाएं मिल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस उच्च स्तरीय समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कोई समयसीमा नहीं दी गई है। सरकार से यह भी पूछा गया कि क्या समिति के लिए विभिन्न क्षेत्रों से मिल रहे सुझावों पर विचार करने के लिए कोई समय सीमा तय की गई है? इस सवाल पर भी मेघवाल ने कहा कि समिति के सामने समय की

पाबंदी नहीं है।

समिति किन चुनावओं और पहलुओं पर मंथन करेगी

गौरतलब है कि सरकार ने सितंबर, 2022 में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। इस समिति को मौजूदा संवैधानिक ढांचे का ध्यान रखते हुए लोकसभा, राज्यों की विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों में एक साथ चुनाव की संभावनाओं पर मंथन के बाद सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपनी है। समिति चुनावी खर्च, सुरक्षाबलों की जरूरत, चुनाव और मतदानकर्मियों की उपलब्धता जैसे पहलुओं पर विचार के बाद सरकार को देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावना पर अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपेगी।

पैनल में कौन-कौन शामिल हैं? सुझाव भेजने के लिए वेबसाइट का गठन

पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता वाली समिति में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद, कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ. सुभाष सी कश्यप व पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी शामिल हैं। एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए एक वेबसाइट www.onoe.gov.in तैयार की गई है। इस पर सुझाव दिए जा सकते हैं।

समिति ने राजनीतिक दलों के अलावा जनता से भी सुझाव मांगे

इससे पहले जनवरी के तीसरे हफ्ते में हुई समिति की तीसरी बैठक में यह बात सामने आई कि देशभर से 20972 सुझाव मिले हैं। समिति के मुताबिक सुझावों से संकेत मिलता है कि देश की 81 फीसदी जनता एक राष्ट्र, एक चुनाव के पक्ष में है। इसके अलावा समिति ने 46 राजनीतिक दलों से भी सुझाव मांगे थे। अब तक सिर्फ 17 दलों ने ही सुझाव दिए हैं। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी दलों ने देश में एकसाथ चुनाव कराने के विचार का विरोध किया है।

डीएम की निगरानी फेल, एंबुलेंस का संचालन बेहद घटिया; 30 दिन में पांच बार समय पर नहीं पहुंची

एटा में डीएम की निगरानी लगभग फेल नजर आ रही है। यहां एंबुलेंस का संचालन ठीक प्रकार से नहीं हो पा रहा है। 30 दिन में पांच बार एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची। उत्तर प्रदेश के एटा में सरकारी एंबुलेंस 108 व 101 एंबुलेंस समय से मरीजों तक पहुंचे। इसके लिए डीएम द्वारा निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी लगातार चेकिंग कर रहे हैं। इसके बाद भी एंबुलेंस देरी से पहुंच रही हैं। 108 की एक एंबुलेंस माह में पांच बार देरी से पहुंची। इस पर चालक व ईएमटी को कंपनी से हटाने के लिए पत्र लिखा गया है। एंबुलेंस प्रभारी लोकमन सिंह ने बताया बृहस्पतिवार की रात को डिप्टी सीएमओ डॉ. सतीश चंद्र नागर के साथ अवागढ़ में एंबुलेंसों की पड़ताल की गई। इस दौरान एक एंबुलेंस समय से पहुंचती नहीं मिलीं। एक एंबुलेंस के माह में पांच बार देरी से पहुंचने की बात सामने आई। इस पर इस 108 एंबुलेंस के चालक अनिल व ईएमटी राहुल को सेवा से हटाने के लिए पत्र लिखा है। पूर्व में भी इस एंबुलेंस की शिकायतें आने पर चालक व ईएमटी को जलेसर से अवागढ़ भेजा गया था। उन्होंने बताया अवागढ़ में दो और एंबुलेंसों की पड़ताल की गई। दोनों में व्यवस्थाएं सही मिलीं।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा- उत्तराखंड की तरह दूसरे राज्य भी लाएंगे यूसीसी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली में एक प्रेसवार्ता के दौरान यह कहा है।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता से प्रदेश के हर व्यक्ति को न्याय और समानता लागू हो सकेगी। उन्होंने कहा कि ड्राफ्ट पर किसी तरह की अफवाह फैलाना सही नहीं है...उत्तराखंड की तरह भाजपा शासित अन्य राज्य भी यूसीसी ला सकते हैं। उत्तराखंड का प्रस्तावित कानून दूसरे राज्यों के लिए एक मॉडल बन सकता है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली में एक प्रेसवार्ता के दौरान यह कहा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता से प्रदेश के हर व्यक्ति को न्याय और समानता लागू हो सकेगी। उन्होंने कहा कि ड्राफ्ट पर किसी तरह की अफवाह फैलाना सही नहीं है। आज ही उन्हें ड्राफ्ट मिला है। इसका अध्ययन करने के बाद ही इसकी बातें विस्तृत रूप में सामने आ सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह तय है कि जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए ही इसे लाया जाएगा।

पांचवीं पास ने चार हजार में खरीदी वर्दी... बन गया इंस्पेक्टर, हाईवे पर वसूली और आटो चालकों पर रंगबाजी पेशा

